प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का कम्पनी में चयन

विश्वविद्यालय के सेवायोजन परामर्श निदेशालय में वेनेरा वीडियो टेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ऑनलाइन मेल के आधार साक्षत्कार पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों क्रमशः रिधिमा कोहली, बी.टेक कंप्यूटर इंजीनियरिंग एवं अंकित कुमार चन्द्रमणि, बी.टेक इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थी को प्रशिक्षण के उपरान्त प्रतिवर्ष लगभग 6 से 7.5 लाख का पैकेज तथा अन्य सुविधाए देय होगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक, डा. एम.एस. नेगी और सह निदेशक डा. गीता पाठक ने भी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी तथा बताया कि इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में भी यह निदेशालय प्रयासरत है तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सफलता की कामना करता है।

चयनित विद्यार्थियों के साथ अधिकारी।

निदेशक संचार